Govt. Registered
Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 25 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 206

## छत्तीसगढ़ की दो पंचायतों को मिला राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

### सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत नागम और धमतरी जिले के ग्राम सांकरा को किया गया सम्मानित

- नागम को गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका संवर्धन तथा सांकरा को स्वस्थ पंचायत थीम के लिए पुरस्कृत
- छत्तीसगढ़ उन चुनिंदा राज्यों में शामिल जिन्हें मिले एक से अधिक पुरस्कार



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की दो पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा जिले के जनपद पंचायत लुन्ड्रा के ग्राम पंचायत नागम तथा धमतरी जिले के नगरी पंचायत के ग्राम सांकरा को पुरस्कृत किया गया। ग्राम पंचायत नागम को गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका संवर्धन श्रेणी में तथा सांकरा को स्वस्थ पंचायत थीम में पुरस्कृत किया गया। इन ग्राम पंचायतों को पुरस्कार के साथ ही 50-50 लाख रूपए की राशि भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे ने इस उपलब्धि के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 43 ग्राम पंचायतों को पुरस्कार दिये गये। छत्तीसगढ़ उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है जिन्हें एक से अधिक पुरस्कार आज प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत नागम के सरपंच भंडारी राम पैकरा तथा ग्राम पंचायत सांकरा की सरपंच शशि ध्रुव ने केंद्रीय मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास गिरिराज सिंह के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास फग्गन सिंह कुलस्ते और केन्द्रीय राज्य मंत्री पंचायत राज कपिल मोरेश्वर पाटिल भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत नागम में गरीबी उन्मूलन के लिए ग्रामवासियों को मनरेगा के अंतर्गत अधिकाधिक जाब कार्ड प्रदान करने, शतप्रतिशत पारिश्रमिक प्रदाय करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत शतप्रतिशत हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने, स्वसहायता समूहों की महिलाओं के आय में वृद्धि के लिए तथा ग्रामवासियों को आईटीआई जैसी संस्था के माध्यम से कौशल विकास कराने उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत सांकरा में गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव, बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करने, ग्राम सभा, महिला सभा एवं बालसभा में बच्चों के टीकाकरण पर चर्चा करने के लिए , बीमारी जैसे टायफाइड, मलेरिया, टीबी आदि बीमारियों से बचाव हेतु प्रचार, प्रसार करने एवं टेलीमेडिसीन के माध्यम से अच्छा कार्य करने पुरस्कृत किया गया।

यह पुरस्कार इसलिए भी काफी मायने रखता है क्योंकि देश भर की ढाई लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने इस पुरस्कार के लिए नामांकन भरा था। इसमें छत्तीसगढ़ की 11658 ग्राम पंचायतें शामिल थीं। इनमें से 43 ग्राम पंचायतों को पुरस्कार के लिए देश भर से चुना गया। इस पुरस्कार के लिए 9 श्रेणियों में थीम रखी गई थी। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव गौरव सिंह, सीईओ जिला पंचायत रायपुर आकाश चिकारा, सीईओ सरगुजा विश्वदीप यादव, उप संचालक दिनेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## यूएई में अलग-अलग हादसों में दो भारतीय प्रवासियों की मौत




**दुबई ।** संयुक्त अरब अमीरात में ईद-उल-फितर की छुट्टियों के दौरान अलग-अलग परिवहन दुर्घटनाओं में दो भारतीय प्रवासियों की मौत हो गई, मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। शारजाह के 38 वर्षीय अभिलाष अपने साथियों के साथ खोर फक्कान में बोटिंग करने गया था, तभी यह हादसा हुआ।

शारजाह पुलिस ने कहा कि दुर्घटना में एक बच्चे सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। दुर्घटना के समय नाव पर 16 यात्री सवार थे, रिपोर्ट में दुर्घटना की सही तारीख या समय का उल्लेख नहीं किया गया है। अभिलाष के शव को फिलहाल खोर फक्कान अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है।

एक अन्य दुर्घटना में, अबू धाबी के अल मफराक इलाके में एक कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से केरल के 35 वर्षीय सुबीश छोझियामपरम्बथ की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पलक्कड़ के सुबीश ईद की खरीदारी के लिए अल समाहा से मुसाफा जा रहा था, तभी 20 अप्रैल को वह दुर्घटना का शिकार हो गया। पिछले दो सालों से सुबीश एक भूनिर्माण कंपनी में काम करता था।


उनसे चचेरे भाई ने बताया, दुर्घटना के दौरान सुबीश दो अन्य लोगों के साथ पिछली सीट पर बैठा था। सुबीश के साथ यात्रा कर रहे दो लोगों में से एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं और दूसरे को मामूली चोटें आई हैं।

एक रिश्तेदार ने कहा, सुबीश की सगाई हो गई थी। वह इस साल शादी करने वाला था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मशहूर लेखक तारिक फतेह ने दुनिया को कहा अलविदा, कैंसर से हारे जिंदगी की जंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तानी मूल के कनाडाई लेखक और पत्रकार तारिक फतेह का सोमवार को निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। वह लंबे समय से पाकिस्तान छोड़कर कनाडा में रह रहे थे। वह बीते कई दिनों से कैंसर की बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। तारिक का जन्म 20 नवंबर 1949 को आजादी के बाद बने पाकिस्तान के कराची में हुआ था। उनका परिवार मुंबई का रहने वाला था, लेकिन बंटवारे के बाद वह पाकिस्तान चला गया था। उन्होंने कराची विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री की पढ़ाई की थी। 1960 और 1970 के दशक के अंत में वह वामपंथी छात्र आंदोलन के नेता बने रहे। इसी दौरान पाकिस्तान सरकार ने दो बार उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद 1977 में जनरल जिया-उल-हक के शासनकाल में उन पर राजद्रोह का आरोप लगा और बतौर पत्रकार काम करने से उन्हें रोका गया। वह 1987 में कनाडा चले गए और पत्रकार के रूप में काम करते रहे। इस दौरान वह रेडियो और टीवी पर भी कमेंट्री करते रहे। उनकी हिन्दी, उर्दू, इंग्लिश, पंजाबी और अरबी भाषाओं में अच्छी पकड़ थी। उन्होंने अपने जीवन में कई पुस्तकें भी लिखीं, जिनमें यहूदी मेरे दुश्मन नहीं हैं, चेजिंग ए मिराज, द ट्रैजिक इल्यूजन ऑफ एन इस्लामिक स्टेट, द ज्यू इज नॉट माय एनिमी जैसी किताबें लिखीं। तारिक के निधन पर उनकी बेटी नताशा ने ट्वीट किया, पंजाब का शेर, हिंदुस्तान का बेटा, कनाडा का प्रेमी, सच्चाई का पैरोकार, न्याय के लिए लड़ने वाला, दबे-कुचलों और शोषितों की आवाज तारेक फतेह नहीं रहे। उनकी क्रांति उन सभी के साथ जारी रहेगी, जो उन्हें जानते और प्यार करते थे।



### तमिलनाडु में आयकर विभाग की बड़ी कार्यवाई, डीएमके विधायक के आवास समेत 50 जगहों पर छापेमारी

**चेन्नई (आरएनएस)।** आयकर विभाग की ओर से तमिलनाडु में बड़ी छापेमारी की गई है। विभाग के अधिकारियों की ओर से राजधानी चेन्नई, कोयम्बटूर, त्रिची और होसुर में कर चोरी के मामले में जी स्क्वयर निर्माण समूह से जुड़े करीब 50 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार डीएमके विधायक मोहन के आवास पर भी आयकर विभाग ने छापेमारी की है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने डीएमके फाइल्स के खुलासे के दौरान दावा करते हुए कहा कि कई संपत्तियां जी स्क्वयर रियल एस्टेट समूह के स्वामित्व में हैं, यह ग्रुप कथित रूप से डीएमके के करीबी है।

### शादी की रस्म निभा रहे दूल्हा-दुल्हन पर गिरी दीवार, वीडियो देखकर उड़ जाएंगे होश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे देखकर आपकी रूह कांप जाएगी। वीडियो में देखा जा सकता है कि दूल्हा और दुल्हन शादी की रस्में निभा रहे होते हैं। इस दौरान उन दोनों के ऊपर आकर दीवार गिरती है। इसके बाद जो नजारा सामने आता है, उसे देखकर आप कांप जाएंगे। वीडियो में देखा जा सकता है कि किसी गांव में बारात आई है। दूल्हा और दुल्हन दोनों शादी की रस्में निभा रहे हैं। इस दौरान गांव के लोग चारों तरफ खड़े होते हैं। कई लोग रस्में देखने के लिए दीवारों पर खड़े होते हैं। लोग अपने फोन से शादी का वीडियो रिकॉर्ड कर रहे होते हैं। इस बीच अचानक से एक दीवार दूल्हा और दुल्हन के ऊपर गिर जाती है। इससे दूल्हे को गंभीर चोट लगती है। आप देख सकते हैं कि दूल्हे के सिर पर दीवार गिरती है। इससे दूल्हा चिल्लाकर पीछे भागता है। इस हादसे को देखकर वहां मौजूद मेहमान और घराती-बाराती सन्न रह जाते हैं।

## मेगा हाईवे पर आमने-सामने भिड़े ट्रेलर, जिंदा जल गए 3 लोग, कई किलोमीटर तक लगा लंबा जाम



**बाड़मेर (आरएनएस)।** बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाना क्षेत्र के आलपुरा सरहद में मेगा हाईवे पर अलसुबह 2 ट्रेलर के बीच में भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों ही ट्रेलरों में भयंकर आग लग गई और ट्रेलर में तीन लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मेगा हाईवे पर दोनों तरफ कई किलोमीटर तक वाहनों का लंबा जाम लग गया।

हादसे की सूचना मिलने के बाद गुडामालानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों और ट्रक चालकों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया, जिसके बाद मौके पर पहुंची रागेश्वरी गैस टर्मिनल की फायर ब्रिगेड की गाडि़यों ने आग पर काबू पाया। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार, एक ट्रेलर में बीकानेर से मिट्टी भरकर सांचौर की तरफ जा रहा था वही दूसरे ट्रेलर में टाइल्स भरी हुई थी और वह गुजरात से बालोतरा की तरफ आ रहा था और अलपुरा सरहद में अलसुबह 5 बजे के आसपास दोनों की ही आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। पुलिस क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर आवागमन शुरू करने में जुट गई है। वहीं हादसे के बाद पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने में जुट गई है लेकिन शव पूरी तरीके से जल चुके हैं इसलिए पुलिस को भी शिनाख्त करवाने में दिक्कत आ रही है।

## सूडान में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी शुरू

### वतन वापस लौट रहे 500 भारतीय



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि युद्धग्रस्त सूडान में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए भारत ने ऑपरेशन कावेरी शुरू किया है। जयशंकर ने कहा कि सरकार सूडान में हमारे सभी भाइयों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। जयशंकर ने ट्वीट किया, सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है। लगभग 500 भारतीय सूडान पोर्ट पहुंच गए हैं। और रास्ते में हैं। हमारे जहाज और विमान उन्हें वापस घर लाने के लिए तैयार हैं।

वहीं फ्रांसीसी राजनयिक स्रोत के मुताबिक सूडान में फंसे 5 भारतीय नागरिकों को फ्रांसीसी वायु सेना की उड़ान के माध्यम से सूडान से निकाला गया और 28 से अधिक अन्य देशों के नागरिकों के साथ जिबूती में फ्रांस के सैन्य अड्डे पर लाया गया।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूडान से भारतीयों की निकासी के लिए आपातकालीन योजनाएँ बनाई गई हैं, लेकिन जमीन पर कोई भी कार्रवाई सुरक्षा स्थिति पर निर्भर करेगी। इसमें कहा गया है कि देश की राजधानी खार्तूम में विभिन्न स्थानों से तीव्र लड़ाई की रिपोर्ट के बावजूद सूडान में सुरक्षा स्थिति अस्थिर बनी हुई है। सरकार ने कहा कि वह 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो वर्तमान में सूडान में फैले हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हमारी तैयारियों के तहत और तेजी से आगे बढ़ने के लिए, भारत सरकार कई विकल्पों पर विचार कर रही है।

## पक्षियों के टकराने से उड़ते प्लेन में लगी आग



**वाशिंगटन।** एक अमेरिकन एयरलाइंस में हडक़ंप मच गया। इस हडक़ंप का कारण फ्लाइट के इंजन में आग लगना था। फ्लाइट में आग लगने के बाद इसे अमेरिका के ओहियो एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में फ्लाइट के दाहिने इंजन से आग की लपटें और धुएं को निकलता हुआ देखा जा सकता है।

मीडिया के अनुसार एक ट्विटर यूजर ने इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'मैंने अभी-अभी ई1958 को उड़ान भरने के तुरंत बाद इंजन में कुछ समस्या देखा। इंजन से आग की लपटें निकल रही थीं और फ्लाइट से तेज आवाज आ रही थी'। मीडिया के अनुसार बोइंग 737 फ्लाइट 1958 कोलंबस से फीनिक्स के लिए रवाना हुई थी।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि फ्लाइट सुरक्षित रूप से लैंड कर गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। जॉन ग्लेन कोलंबस इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा 'आपातकालीन कर्मचारियों ने आज सुबह सीएमएच में एक विमान की घटना का जवाब दिया, जिसमें इंजन में आग लगने की सूचना थी। फ्लाइट सुरक्षित रूप से लैंड कर गया और एयरपोर्ट खुला और चालू है।'

घटना के बारे में बात करते हुए फ्लाइट में सवार एक यात्री ने बताया कि उसने और फ्लाइट में सवार अन्य लोगों ने फ्लाइट में जोर से खडख़ड़ाहट की आवाज सुनी। एक पायलट ने कथित तौर पर उन्हें बताया कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद उन्होंने पक्षियों के झुंड को टक्कर मार दी थी। यात्री ने यह भी कहा कि एक बार जब फ्लाइट सुरक्षित रूप से उतर गया, तो सभी को निकाला गया। इसके बाद दूसरी फ्लाइट में ले जाया गया जो बाद में सुबह रवाना हुई।

## बांग्लादेश में बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में भारी बारिश के बीच दो घंटे से भी कम समय में सिलसिलेवार आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच सुनामगंज, मौलवीबाजार और सिलहट जिलों के अलग-अलग इलाकों में मौतों की सूचना मिली। अधिकतर मौतें ग्रामीण इलाकों में हुई जहां लोग अपने खेतों पर काम कर रहे थे। साल के इस समय के दौरान घनी आबादी वाले देश में बज्रपात से मौतों की खबर आम है। बांग्लादेश में आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली मौतों में वृद्धि देखी गई है, पिछले कुछ सालों में सालाना सैकड़ों मौतें दर्ज की गई हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि यह जलवायु परिवर्तन के कारण है। बांग्लादेश इस मामले में अधिक संवेदनशील है।

## 'मोदी सरनेम' मामले में राहुल गांधी को बड़ी राहत, एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक



**पटना (आरएनएस)।** मोदी सरनेम वालों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी कर मुकदमे में फंसे राहुल गांधी को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एमपी एमएलए कोर्ट में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को 25 अप्रैल को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर होने का आदेश मिला था। लेकिन उनके वकील की तरफ से कोर्ट में यह अर्जी लगाई गई कि इसी मामले में उन्हें सजा हो चुकी है। अब इस मामले में पटना हाईकोर्ट ने निचली अदालत में सुनवाई के लिए 15 मई तक के लिए रोक लगा दी है।

बता दें, सूरत कोर्ट से सजा पाने के बाद पटना हाई कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर 15 मई, 2023 तक का रोक लगाते हुए राहुल गांधी को फिलहाल राहत दी। जस्टिस संदीप कुमार की बेंच ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई की। पटना की निचली अदालत ने उन्हें 25 अप्रैल 2023 को कोर्ट में सशरीर उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा था। अगली सुनवाई 15 मई को पटना हाईकोर्ट में ही होगी।

## केदारनाथ धाम में भारी बर्फबारी के कारण रजिस्ट्रेशन बंद, श्रद्धालुओं के लिए एडवाइजरी जारी



**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड चार धाम यात्रा की शुरुआत शनिवार 22 अप्रैल से शुरू हो गई है। कल यानि 25 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुल जाएंगे। ऋषिकेश और हरिद्वार में पिछले कई दिनों से खराब मौसम के कारण उत्तराखंड सरकार ने केदारनाथ धाम यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन 30 अप्रैल तक बंद कर दी है।

उत्तराखंड सीएम पुष्कर धामी ने भी यात्रियों से अपील की है कि मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुये अपनी यात्रा की शुरुआत करें। बर्फबारी होने के बाद जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से मौसम के अनुसार यात्रा करने की अपील की है। जिला प्रशासन की टीम की ओर से कहा गया है कि श्रद्धालु मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए यात्रा की तैयारी करें। खराब मौसम को देखते हुए गढ़वाल कमिश्नर ने केदारनाथ के रजिट्रेशन पर रोक लगाई है। मौसम की स्थिति स्पष्ट होने के बाद फिर से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। बता दें, सनातन धर्म में चार धाम यात्रा का विशेष महत्व है। ऐसे में हर साल हजारों की संख्या में केदारनाथ धाम पहुंचते हैं।

वहीं कपाट खुलने से पहले बाबा केदार के पौराणिक मंदिर को सजाया जा रहा है। केदारनाथ मंदिर को सजाने कद लिए 23 कुंतल से ज्यादा तरह तरह के फूल लाये गए हैं। सुबह से ही मंदिर समिति द्वारा कई लोगों को मंदिर को सजाने के काम में लगाया गया है। केदारनाथ धाम में आज सुबह चटक धुप खिली है लेकिन धाम में पल-पल मौसम बदल रहा है जिससे दिक्कतें बढ़ रही है, वहीं सुबह से ही बड़ी सख्या में बाबा के भक्त केदारनाथ पहुंचने लगे हैं, वहीं शाम तक बाबा की उत्सव डोली भी धाम पहुंच जाएगी और 25 अप्रैल सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर बाबा के कपाट खुल जाएंगे।

दरअसल पिछले कुछ दिनों से केदारनाथ धाम में लगातार बर्फबारी हो रही है। ऐसे में बर्फबारी के चलते धाम में प्रशासन की ओर से उचित व्यवस्था नहीं हो पायी है। बता दें, केदारनाथ धाम के कपाट मंगलवार को सुबह 6:25 बजे खुलने वाले हैं। बता दें, शनिवार 22 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा प्रारंभ हो गयी। शीत ऋतु में गंगोत्री और यमनोत्री धाम के कपाट खुलने के बाद 25 अप्रैल को और 27 अप्रैल को बद्रीनाथ के कपाट भी खोल दिए जाएंगे और दर्शन शुरू होंगे।

उत्तराखंड के चार धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री हर साल शीत ऋतु में 6 महीने के लिए बंद कर दिए जाते हैं। भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शीतकालीन प्रवास मुखवा से 21 अप्रैल 2023 को मां गंगा की डोली गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई थी। 22 अप्रैल 2023 को गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12:35 पर खुल चुके हैं। बता दें कि गंगोत्री धाम पट खोलने से पहले सहस्त्रनाम गंगा लहरी का पाठ किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि गंगोत्री में स्थित गौरीकुंड में माता पार्वती खुद भगवान शिव की परिक्रमा करती हैं।

27 अप्रैल 2023 के दिन सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर भक्तगण बद्रीनाथ के दर्शन कर पाएंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार बद्रीनाथ धाम के दर्शन के बिना चार धाम की यात्रा पूरी नहीं मानी जाती। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से एक नर और नारायण ऋषि की तपोभूमि है बद्रीनाथ। प्रचलित मान्यता के अनुसार जो जाए बदरी वो ना आए ओदरी। अर्थात जो व्यक्ति एक बार बद्रीनाथ के दर्शन कर लेता है वो मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है। फिर दोबारा उसका जन्म नहीं होता।